हरिभूमि
# रायगढ़-जशपुर भूमि
बिलासपुर, रविवार 2 नवंबर 2025
[ खरसिया| सारंगढ़| घरघोड़ा| धरमजयगढ़| पुसौर| बरमकेला| लैलूंगा| तमनार ]



तापमान
अधिकतम 36.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री

कलेक्टर ने किया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण



## खबर संक्षेप

### परीक्षा मूल्यांकन प्रणाली में किया गया परिवर्तन

शैक्षिक गुणवत्ता में सुधार और मूल्यांकन प्रणाली को और अधिक पारदर्शी व प्रभावी बनाने के उद्देश्य से परीक्षा पद्धति में आंशिक संशोधन किया गया है। डीईओ ने जानकारी दी कि अब कक्षा पहली से चौथी तथा छठवीं और सातवीं की वार्षिक परीक्षा में विद्यार्थियों के त्रैमासिक और छःमाही परीक्षा के अंकों को भी शामिल किया जाएगा। नई व्यवस्था के तहत त्रैमासिक परीक्षा के 20 प्रतिशत, छःमाही परीक्षा के 20 प्रतिशत तथा वार्षिक परीक्षा के 60 प्रतिशत अंकों को मिलाकर अंतिम परीक्षाफल तैयार किया जाएगा। वहीं कक्षा 5वीं और 8वीं के विद्यार्थियों के लिए छःमाही परीक्षा के अंकों का 30 प्रतिशत और वार्षिक परीक्षा के अंकों का 70 प्रतिशत जोड़कर परिणाम घोषित किया जाएगा। इसी प्रकारए कक्षा 9वीं और 11वीं के लिए भी समान प्रणाली लागू की गई हैए जिसमें छःमाही परीक्षा के अंकों का 30 प्रतिशत और वार्षिक परीक्षा के अंकों का 70 प्रतिशत को जोड़कर अंतिम परीक्षाफल तैयार किया जाएगा। इस नई पद्धति से विद्यार्थियों का मूल्यांकन पूरे शैक्षणिक सत्र के प्रदर्शन के आधार पर किया जाएगा। इससे बच्चों में निरंतर अध्ययन की प्रवृत्ति बढ़ेगी और परीक्षा परिणाम अधिक पारदर्शी व संतुलित होंगे।

### बंडामुंडा रेल यार्ड में घुसे 11 हाथियों का झूंड

**राउरकेला।** रेलनगरी बंडामुंडा गुरुवार की देर रात उस समय हड़कंप मच गया जब 11 जंगली हाथियों का झुंड अचानक रेल यार्ड क्षेत्र में पहुंच गया। रात करीब 11 बजे हुई इस घटना से रेलवे कर्मियों और स्थानीय निवासियों में दहशत फैल गई। जानकारी के अनुसार, लगभग 20 हाथियों का समूह पहले बरकानी गांव के पास देखा गया था, जिनमें से 11 हाथी डुमरता मार्ग होते हुए बंडामुंडा श्मशान घाट की दिशा में बढ़े और रेल यार्ड में जा घुसे। हाथियों के रेल यार्ड में डटे रहने से रेलवे की कई गतिविधियों पर असर पड़ा। शुक्रवार सुबह तक ये हाथी ट्रैक के आसपास घूमते रहे।

## सन 2000 में 1 लाख 59 हजार 370 हे. था धान का रकबा, अभी 1 लाख 69 हजार 912 हे. हुआ

# ढाई दशक में बढ़ा साढ़े 10 हजार हेक्टेयर धान का रकबा, दलहन में भी अप्रत्याशित वृद्धि

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

छग निर्माण के बाद से अब तक जिले में धान का रकबा 10 हजार 542 हेक्टेयर बढ़ा है। याने देखा जाए तो ढाई दशक में केवल 6.61 फीसदी ही बढ़ा है। उस दौर में जिले में धान का रकबा 1 लाख 59 हजार 370 हे. था । अभी यह 1 लाख 69 हजार 912 हे. हो गया है। ऐसे में माना जा रहा है कि रकबा तो ज्यादा नहीं बढ़ा है, लेकिन उत्पादन में बेतहासा वृदिध हुई है। इसका आंकलन जिले में अब तक हुई धान खरीदी से किया जा रहा है। इसमें दलहन का रकबा पर गौर करें तो अप्रत्याशित वृदिध हुई है। खरीफ के दलहन में करीब 65 फीसदी और रवि में 125 प्रतिशत रकबा बढ़ा है। कुल मिलाकर देखा जाए तो अब किसानों का रुझान दलहन की ओर बढ़ रहा है। यह सरकार की योजना का भी एक हिस्सा है। औसत उत्पादन के लिहाज से देखा जाए तो धान का रकबा भलेहि उस हिसाब से नहीं बढ़ा है, लेकिन उत्पादन में बेतहासा वृदिध हुई है। यह आंकलन धान खरीदी से लगाया जा सकता है। 2008-09 के उपलब्ध आंकड़े पर गौर किया जाए तो उस वक्त जिले में 330676 एमटी धान खरीदी हुई थी। बीते साल याने 2024 में 508797.640 एमटी धान खरीदी हुई थी। याने 2008-09 की तुलना में 2024 में 178121.64 एमटी ज्यादा धान खरीदी हुई है। उत्पादन बढ़ने का यही मापदंड है। ऐसा नहीं है कि हर साल उत्पादन बढ़ी है, कुछ साल ऐसा हुआ है जब उत्पादन घटी है। जो भी हो छग निर्माण के बाद से इस दिशा में सरकार की ओर से की गई कोशिशों का ही यह प्रतिफल है। अब इसमें लगातार वृदिध होने की बात कृषि विभाग के अधिकारी कह रहे हैं।

**खरीफ के दलहन में 65% की हुई वृद्धि रवि में 125 % बढ़ा रकबा**



### ढाई दशक में सिंचाई का रकबा बढ़ा 85 फीसदी

उत्पादन का एक दूसरा आधार सिंचाई संसाधनों का बढ़ना भी है। उस दौर में जिले में सिंचाई का रकबा केवल 40633 हेक्टेयर था। अभी यह बढ़कर 74949 हेक्टेयर हो गया है। सिंचाई संसाधनों के बढ़ने से उत्पादन का रेसियो भी बढ़ने की बात कही जा रही है। बीते ढाई दशक में सिंचाई का रकबा करीब 85 फीसदी बढ़ गई है।

### प्रमुख फसलों का रकबा

| फसल | साल | रकबा (हे.) |
|---|---|---|
| धान | 2000 | 159370 |
| धान | 2025 | 169912 |
| दलहन | 2000 | 5650 |
| दलहन | 2025 | 9348 |
| तिलहन | 2000 | 3200 |
| तिलहन | 2025 | 3623 |

### आधी रात बदमाशों ने गरीब परिवार के घर में लगाई आग

**राउरकेला।** शहर के माल गोदाम काली मंदिर के सामने स्थित बस्ती में शुक्रवार की आधी रात बदमाशों द्वारा आगजनी की वारदात से इलाके में अफरा.तफरी मच गई। आगजनी में गरीब नसरीन खातून और निशार का घर का काफी सामान जलकर खाक हो गया। घटना के बाद से क्षेत्र में तनाव और दहशत का माहौल है। जानकारी के अनुसारए देर रात कुछ अज्ञात बदमाशों ने माल गोदाम क्षेत्र स्थित बस्ती के नसरीन व निसार के घर में आग लगा दीए जिससे घर में रखे काफी सारा घरेलू सामान पूरी तरह जल गए। सूचना मिलने पर दमकल कर्मियों ने मौके पर पहुँचकर आग पर काबू पायाए जिससे बड़ी दुर्घटना टल गई। शनिवार सुबह पीड़िता नसरीन खातून और निशार ने उदितनगर थाना में लिखित शिकायत दर्ज कराई। उन्होंने आरोप लगाया कि पड़ोस में रहने वाली रजिया खातून उनके घर के आंगन से जबरन रास्ता मांग रही थी, धमकी देकर आगजनी की घटना को अंजाम दिया।

## साढ़े 17 हजार पीएम आवास में लोगों को कराया गृह प्रवेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना के रजत जयंती वर्ष के अवसर पर आज नवा रायपुर में आयोजित भव्य राज्योत्सव समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अंतर्गत प्रदेश के लाखों हितग्राहियों को नई सौगात दी। इस अवसर पर रायगढ़ जिले के 17,500 हितग्राहियों का गृह प्रवेश कराया गया।

साथ ही जिले के हितग्राहियों को विभिन्न चरणों की किस्तों की राशि का वितरण किया गया। जिले के 9,327 हितग्राहियों को प्रथम किस्त के रूप में 3,730,80 लाख रुपए, 1,062 हितग्राहियों को द्वितीय किस्त 584,10 लाख रुपए तथा 2,907 हितग्राहियों को तृतीय किस्त 726,75 लाख रुपए की सहायता राशि प्रदान की गई। इस राशि से ग्रामीण परिवार अपने सपनों का पक्का घर बनाकर सम्मानजनक जीवन की दिशा में एक नया अध्याय शुरू कर सकेंगे। इस अवसर पर प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना केवल घर निर्माण की योजना नहीं, बल्कि गरीब परिवारों के सपनों को साकार करने का अभियान है। हर घर में खुशियों की रोशनी और आत्मसम्मान की दीवारें खड़ी हों, यही हमारा लक्ष्य है। बता दे कि प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत ग्रामीण गरीब, बेघर एवं झोपड़ी में रहने वाले परिवारों को पक्के घर उपलब्ध कराना है। इस योजना के तहत मकान निर्माण आरंभ होने पर प्रथम किस्त 40,000 रुपएए दीवारें एवं छत पूर्ण होने पर द्वितीय किस्त 55,000 रुपए और मकान पूर्ण रूप से तैयार होने पर तृतीय किस्त 25, 000 रुपए प्रदान की जाती है।

## पुलिस पर युवक से मारपीट का आरोप, एसपी से शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

धरमजयगढ़ पुलिस पर एक युवक को जबरन आर्म्स एक्ट का आरोपी बनाने व उससे बेरहमी से मारपीट करने का आरोप लगा है। जिससे युवक के सीने में अंदरूनी चोट आई है और खानी-पीने व सांस लेने में तकलीफ हो रही है। वर्तमान में युवक जेल में बंद है। पीड़ित परिजनों ने मामले की शिकायत एसपी से की है, जिस पर उन्हें कार्रवाई का आश्वासन मिला है। एसपी ऑफिस शिकायत लेकर पहुंचे श्रीनाथ यादव ने बताया कि वह धरमजयगढ़ के संतोष नगर अंबेटिकरा, प्रेमनगर पुराना गांव का रहने वाला है। 22 सितंबर को धरमजयगढ़ थाने से चार पुलिसकर्मी उसके घर पहुंचे और उसके भाई त्रिनाथ उर्फ सोनू यादव को थाना प्रभारी बुलाएं है कह कर जबरदस्ती वाहन में बैठाकर थाना ले गए। श्रीनाथ ने आरोप लगाते हुए कहा कि इसके बाद थाना प्रभारी सोनू को कम्प्यूटर कक्ष में लेकर गए और लात-घूसों और पट्टे से बेरहमी से मारपीट की। जिससे वह बेहोश हो गया। श्रीनाथ ने आरोप लगाते हुए कहा कि उसी रात धरमजयगढ़ पूर्व थाना प्रभारी कमला पुसाम रात 11 बजे थाना पहुंची और उन्होंने भी पट्टे से सोनू के साथ मारपीट की। इसके बाद सोनू पर आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई कर उसे न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे रिमांड पर जेल भेज दिया गया।



### इन पर की गई है कार्रवाई की मांग

एसपी को दिए ज्ञापन में धरमजयगढ़ थाना प्रभारी सीताराम ध्रुव, डेविड टोप्पो, विजय राठिया, मनोज कुमार, विनय त्रिपाठी व पूर्व थाना प्रभारी धरमजयगढ़ कमला पुसाम ठाकुर के खिलाफ मारपीट की जांच कर उन्हें निलंबित करने की मांग की गई है।

### पुरानी रंजिश का लिया बदला

श्रीनाथ ने आरोप लगाते हुए कहा कि करीब सालभर पूर्व उनके परिवार की एक महिला के साथ छेड़छाड़ की घटना हुई थी, उक्त मामले में तत्कालीन थाना प्रभारी कमला पुसाम ने आरोपी पक्ष से सांठगांठ कर मामले को रफादफा कर दिया था। इस मामले में श्रीनाथ ने एसपी, पुलिस मुख्यालय और कलेक्टर जनदर्शन में इसकी शिकायत कर दी थी। जिससे मैडम उनके परिवार पर रंजिश रखी थी। श्रीनाथ ने बताया कि उसके भाई से इसी रंजिश का बदला लिया गया है और उसे झूठे आर्म्स एक्ट में फंसाया गया है।

### न्यायाधीश ने दिए स्वास्थ्य जांच के आदेश

श्रीनाथ ने बताया कि जेल में बंद सोनू की हालत गंभीर होने पर वो अपने परिवार के साथ रायगढ़ एडीजे कोर्ट पहुंचा और न्यायाधीश को दस्तावेज के साथ पूरी बात बताई। तब न्यायाधीश ने तत्काल जिला विधिक प्राधिकरण रायगढ़ को पत्र लिखकर जेल में बंद सोनू के सम्पूर्ण चिकित्सकिय जांच कराने के निर्देश दिए। इसके बाद सोनू का जिला अस्पताल में जांच और उपचार हुआ। एक्सरे में डॉक्टरों ने उसके सीने में खून का थक्का जमने व अंदरूनी चोट की बात कही है। ऐसे में श्रीनाथ ने इसकी शिकायत एसपी से की है। श्रीनाथ की मानें तो एसपी ने एक्सरे रिपोर्ट देखकर खुद कहा कि चोट तो नजर आ रहा है, इस मामले में कार्रवाई की जाएगी। एसपी के आश्वासन पर पीड़ित परिजन संतुष्ट हैं और उन्हें न्याय मिलने की उम्मीद भी है।

यह मामला मेरे संज्ञान में नहीं आया है, आपके पास इसका आवेदन है तो मुझे भेजिए, मैं मामले को दिखवाता हूं।

**सुशांतो बनर्जी**
एसपी, पुलिस प्रवक्ता, रायगढ़

## हिट एंड रन : तीन दिन बाद भी पुलिस तय नहीं कर पाई आरोपी आखिर किसे बनाएं!

**कार चलाने वाली लड़की को छोड़ पीछे बैठे तीन युवक हिरासत में, पुलिस कार्रवाई पर उठ रहे सवाल**

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

धरमजयगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत हिट एंड रन मामले में तीन दिन बाद भी पुलिस यह तय नहीं कर पाई है कि आखिर आरोपी किसे बनाया जाए। पुलिस द्वारा कार चलाने वाली लड़की को बचाने के लिए पीछे बैठे तीन युवकों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है, जिससे पुलिस की कार्रवाई पर सवाल उठ रहे हैं। दरअसल गुरुवार की दोपहर कापू तरफ से धरमजयगढ़ की ओर आ रहे कार चालक ने एक महिला और बाइक सवार दो युवकों को अपनी चपेट में ले लिया था, जिससे तीनों की मौत हो गई थी। इस घटना के बाद प्रत्यक्षदर्शियों ने पुलिस को बताया था कि कार एक लड़की चला रही थी और उसमें तीन-चार युवक भी सवार थे। इसके बाद पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच शुरु किया था, लेकिन अब तक पुलिस किसी निर्णय तक नहीं पहुंच पाई है। सूत्रों की मानें तो घटना के दिन से ही पुलिस ने कार तीन युवकों को हिरासत में लिया है, जोकि कार के पीछे सवार थे, जबकि कार चलाने वाली लड़की को हिरासत में लेने में पुलिस के हाथ कांप रहे हैं। इसका कारण यह बताया जा रहा है कि उक्त लड़की रिटायर्ड डीएसपी की भतीजी है। इस तरह तीन दिन बीतने के बाद भी पुलिस यह तय नहीं कर पा रही है कि आखिर आरोपी किसे बनाया जाए, जिससे पुलिस की कार्यशैली पर सवाल उठ रहे हैं।




इस मामले में कुछ लोगों को हिरासत में लिया गया है, जिनसे पूछताछ की जा रही है, अभी किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है।

**सुशांतो बनर्जी**
डीएसपी, पुलिस प्रवक्ता

### सीसीटीवी फुटेज भी दबा दिया

घटना के दिन थाने के पुलिसकर्मी जोकि मौके पर पहुंचे थे वो खुद कह रहे थे कि घटना का सीसीटीवी फुटेज यमुना डनसेना ढाबा के सीसीटीवी फुटेज में कैद हो गया है, लेकिन अब फुटेज को दबा दिया गया है। इस बारे में अब कोई भी कुछ कहने से बच रहा है। क्योंकि अगर फुटेज सामने आ जाए तो लड़की को आरोपी बनाना पड़ेगा, जिसे पुलिस बचाने का प्रयास कर रही है।

### जवाब देने से बच रहे थाना प्रभारी

तीन की मौत के बाद भी धरमजयगढ़ थाना प्रभारी सीताराम ध्रुव इस मामले में लीपापोती करने में लगे हुए हैं। वो न तो फोन उठा रहे हैं और न ही मीडिया के सामने अपना पक्ष रख रहे हैं। जिससे पुलिस की कार्रवाई को लेकर सवाल उठने लगे हैं। जबकि इस हादसे में जिन तीन परिवारों में मातम पसरा है वो न्याय की आस में टकटकी लगाए बैठे हैं।

## देवउठनी एकादशी पर सजा गन्ने का मंडप, हुआ तुलसी शालिग्राम विवाह

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

शहर सहित जिले में शनिवार को देवउठनी एकादशी व तुलसी विवाह पूजन धूमधाम के साथ मनाया गया। इस मौके पर महिलाओं ने उपवास कर संध्या बेला तुलसी पौधे की पूजा-अर्चना कर प्रसाद व भोजन ग्रहण किया।

इस संबंध में पंडितों का कहना है कि हिन्दु धर्म में एकादशी का बड़ा ही महत्व है। देवउठनी एकादशी को हरी प्रबोधिनी एकादशी या देवोत्थान एकादशी तुलसी विवाह के रूप में भी जाना जाता है। पुराणों के मुताबिक कार्तिक मास में देवोत्थान एकादशी के दिन तुलसी-शालिग्राम विवाह संपन्न किया जाता है। इस विवाह के बाद ही सभी शुभ कार्य जैसे विवाह, उपनयन आदि प्रारंभ हो जाते हैं। कहा जाता है कि भगवान विष्णु भी इसी दिन चार माह के शयन के बाद उठते हैं, इसलिए इसे देवउठनी के नाम से भी जाना जाता है।



### तुलसी स्थान को भव्य तरीके से सजाया

इस मौके पर शहर के देवउठनी एकादशी व तुलसी विवाह के मौके पर भक्तों ने अपने-अपने घरों स्थित तुलसी मंदिर व तुलसी स्थान को भव्य तरीके से सजाया। देर संध्या विधि-विधान से तुलसी विवाह कराया। साथ ही आतिशबाजी भी की गई, जिससे पूरा माहौल भक्तिमय हो गया। वहीं शहर के विभिन्न मंदिरों में महिलाओं ने दीये जलाकर सुख सम्रद्धि की कामना की। इस मौके पर कई मंदिरों में विशेष रूप से धार्मिक अनुष्ठान भी किया गया।जिससे माहौल पूरी तरह से भक्तिमय देखा गया।

**शहीद कर्नल विप्लव त्रिपाठी स्टेडियम में तैयार किए गए 40 स्टॉल, प्राइवेट स्टॉल भी लगाएंगे**

## 25 साल में विभागों की क्या रही उपलब्धि, स्टॉलों में आएगी नजर

**हर स्टॉल में एक-एक अधिकारी होंगे तैनात, योजनाओं की देंगे जानकारी**

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

ढाई दशक में सरकारी विभागों की उपलब्धि का प्रदर्शन राज्योत्सव के स्टॉलों में किया जाएगा। इसके लिए शहीद कर्नल विप्लव त्रिपाठी स्टेडियम में करीब 40 स्टॉल बनाए गए हैं।

इसमें विभाग अपनी-अपनी उपलब्धियों को प्रदर्शित करेंगे। इतना ही नहीं सरकारी योजनाओं की जानकारी देने के लिए एक-एक अधिकारी भी तैनात रहेंगे जो स्टॉलों में आने वाले लोगों को जानकारी देंगे। छग गठन के 25 साल पूरे पर रजत महोत्सव का आयोजन शहर के शहीद कर्नल विप्लव त्रिपाठी स्टेडियम में आयोजन किया जा रहा है। इसमें सबसे खासियत यह है कि इस बार हर स्टॉल में बीते 25 सालों में विभागों द्वारा किए गए विकास कार्यो की जानकारी भी देंगे।

साथ ही हर स्टॉल में उपलब्धियों की बैनर पोस्टर भी लगाए जाएंगे। बनाए गए स्टॉलों की बुकिंग हो गई है। हर विभाग को एक-एक स्टॉल दिया गया है। हालांकि कुछ विभागों ने दो दो स्टॉल भी लिया है। खास बात यह है कि हर स्टॉल का किराया भी तय कर दिया गया है। उसे विभागों को भुगतान करना होगा। जानकारी मिली है कि एक स्टॉल के लिए 25 दो के लिए 35 हजार तय किया गया है। इसका भुगतान विभागों को करना पड़ेगा।



### ब्रोशर भी किया है तैयार

स्टॉलों में आने वाले लोगों को मौखिक जानकारी के अलावा छपे वाला ब्रोशर भी देंगे। इसमें ढाई दशक में किए गए कार्यो का उल्लेख रहेगा। जानकारी मिली है कि विभाग द्वारा कई ऐसी चीजें भी तैयार कराई है जिसकी जानकारी बहुत कम लोगों को होती है। लोग इसका संकलन भी करते हैं। स्टॉलों में इसका वितरण किया जाएगा। यह हर स्टॉलों में लोगों को मिलेगा।

### देर रात तक हुआ तैयार

स्टॉलों को देर रात तक तैयार किया गया है। कारण शनिवार को अवकाश का दिन था। ऐसे में कई विभाग के तो कर्मचारी पहुंचे भी नहीं थे। टेंट वालों ने स्टॉल बनाकर तो दे दिया है, लेकिन उसे सजाने का काम विभाग की ओर से ही किया गया है। ऐसे में पूरी तरह से सजाने में काफी वक्त लगने की बात कही जा रही है।

## आज से राज्योत्सव का आगाज

**रायगढ़।** छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस के रजत जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में रायगढ़ जिला मुख्यालय स्थित शहीद कर्नल विप्लव त्रिपाठी स्टेडियम में 2 से 4 नवंबर तक तीन दिवसीय राज्योत्सव.2025 का भव्य आयोजन किया जाएगा। जिला प्रशासन द्वारा आयोजन की सभी तैयारियाँ पूर्ण कर ली गई हैं। स्टेडियम परिसर में बैठक व्यवस्था, पेयजल, विद्युत, साउंड सिस्टम, पार्किंग, सुरक्षा और स्वास्थ्य सुविधाओं का समुचित प्रबंध किया गया हैए ताकि नागरिकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। राज्योत्सव का उद्घाटन 2 नवंबर को प्रदेश के वित्त मंत्री ओपी चौधरी के मुख्य आतिथ्य में होगा।

यह आयोजन राज्य की 25 वर्षों की गौरवशाली उपलब्धियों, समग्र विकास और लोकसंस्कृति की जीवंत झलक प्रस्तुत करेगा। राज्योत्सव मंर विभिन्न विभागों द्वारा शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं, उपलब्धियों और विकास यात्राओं पर आधारित आकर्षक प्रदर्शनी लगाई जाएगी। प्रदर्शनी में छत्तीसगढ़ की ग्रामीण समृद्धि, औद्योगिक प्रगति, सामाजिक उन्नति और समृद्ध लोकसंस्कृति की सजीव झलक देखने को मिलेगी। समारोह में प्रतिदिन सायं 6 बजे से रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का आयोजन होगा। स्थानीय लोक कलाकारों और स्कूली विद्यार्थियों द्वारा पारंपरिक लोकनृत्य, संगीत और नाट्य प्रस्तुतियाँ दी जाएंगी, जिनसे पूरा स्टेडियम उत्सवमय माहौल में रंग जाएगा।

## खबर संक्षेप

### नहर में डूबने से दो साल के मासूम की मौत

**अंबिकापुर।** दरिमा थाना अंतर्गत ग्राम महुआटिकरा निवासी 2 वर्षीय दक्षराज सिंह आ. अमरेश कुमार सिंह सुबह में घर में खेल रहा था जबकि उसकी मां बोरिंग में कपड़ा धोने चली गई थी। इसके साथ ही बच्चे की दादी घर में खाना बना रही थी। जब परिवार के सदस्य घर में आए तो बच्चा नहीं था। ऐसे में सभी बच्चे की खोजबीन करने लगे। इसी दौरान घर से लगभग 200 मीटर की दूरी पर स्थित नहर के पानी में बच्चा औंधे मुंह पड़ा मिला। आनन फानन में बच्चे को बाहर निकालकर अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। संभावना जताई जा रही है कि मां को खोजते हुए बच्चा घर से निकल गया होगा और नहर में गिरने से उसकी मौत हो गई। पुलिस ने बच्चे के शव को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द कर दिया गया है।

### बाइक की टक्कर से घायल वृद्ध की एक माह बाद मौत

**अम्बिकापुर।** भैयाथान अंतर्गत ग्राम पलमा निवासी गिरधारी पैकरा आ. लोधू राम (75 वर्ष) 29 सितंबर को रायसरा निवासी रिश्तेदार के यहां गया था। शाम को वापस लौटने लगा तभी रायसरा बाजार चौक के समीप बाइक क्रमांक सीजी 15 ईजी 5182 के चालक ने टक्कर मार दी जिससे वृद्ध घायल हो गया। परिजन घायल को शहर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उपचार के कुछ दिन बाद छुट्टी दे दी गई। इसी बीच 25 अक्टूबर को तबियत खराब होने परिजन परिजन सूरजपुर अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने वृद्ध की हालत गंभीर होने पर मेडिकल कॉलेज अस्पताल मे भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान वृद्ध की मौत हो गई।

### दो सूने मकानों में चोरी, 12 लाख का जेवर और नगद ले उड़े चोर

**अम्बिकापुर।** चोरों ने सूने मकान को एक बार फिर से निशाना बनाया है। शहर के मठपारा में चोरों ने एक साथ दो घरों में चोरी की घटना को अंजाम दिया है। चोर अपने साथ नगदी और जेवर समेत 12 लाख रुपए का सामान लेकर भाग निकले। परिवार घर में ताला लगाकर छठ पूजा मनाने के लिए झारखंड गया हुआ था। इस घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा घटना की जांच की जा रही है। बताया जा रहा है कि मणिपुर थाना अंतर्गत मठपारा निवासी अजीत गुप्ता और उसके चाचा राजेश साहू का परिवार छठ पूजा मनाने के लिए 25 अक्टूबर को झारखंड के डाल्टेनगंज गया हुआ था। इस दौरान परिवार की एक महिला ने 29 अक्टूबर को अपने पड़ोसी बुध सिंह की पत्नी को फोनकर घर के स्थिति की जानकारी भी ली थी। इस बीच 31 अक्टूबर की सुबह पड़ोसी ने जाकर देखा तो अजीत और राजेश साहू के घर का ताला टूटा हुआ था। ऐसे में उसने घटना की सूचना मकान मालिकों को दी। सूचना मिलने के बाद परिवार के सदस्य मौके पर पहुंचे तो उनके होश उड़ गए। घर के अंदर सारा सामान बिखरा पड़ा था और आलमारी पेटी के ताले टूटे हुए थे। इन दोनों घरों से 2 लाख रुपए नगदी और 10 लाख रुपए के सोने चांदी के जेवर के चोरी होने की बात कही जा रही है। घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा घटना की जांच की जा रही है।

### मंदिर में जलाएं दीपक से आग लगने पर सहमी नवविवाहिता ने पी ली जहर, मौत

**अम्बिकापुर।** पत्थलगांव थाना अंतर्गत ग्राम मुडईकेला निवासी लक्ष्मी बहेरा पति राजेश बहेरा (22 वर्ष) दीपावली के दिन घर में पूजा करने के बाद घर व दुकान में दीया जलाने के पश्चात पास ही मंदिर में दीया जलाने गई। नव विवाहिता जैसे ही मंदिर में दीया जलाई तभी कुछ देर बाद मंदिर में आग लग गई। इधर आग लगने से घबराई नव विवाहिता आग बुझाने लगी जिससे झुलस गई। घटना के बाद नवविवाहिता सहम गई। इधर परिजन ने नव विवाहिता को ढांढस बंधाया। दूसरे दिन निव विवाहिता परिजन को भोजन कराने के पश्चात कीटनाशक पी ली। परिजन नवविवाहिता को शहर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। परिजन के मुताबिक मृतिका का विवाह हुए तीन साल ही हुआ था। मामले में कोतवाली पुलिस ने मर्ग कायम किया है।

## स्व सहायता समूहों की प्रदर्शनी का किया अवलोकन

# ‘जशप्योर ब्रांड’ के तैयार उत्पाद की पीएम ने की सराहना

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस और रजत जयंती समारोह के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जशपुर जिले के स्व सहायता समूहों की महिलाओं द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन किया और जशप्योर ब्रांड' के अंतर्गत तैयार उत्पाद महुआ लड्डू, महुआ कैंडी, महुआ टी, महुआ हेक्टर संग्रह आदि को देखा और उनकी गुणवत्ता की सराहना की।

छत्तीसगढ़ स्थापना दिवस रजत जयंती समारोह के अवसर पर ट्राइबल म्यूजियम, नवा रायपुर अटल नगर में भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जशपुर जिले की महिला स्व-सहायता समूहों द्वारा निर्मित जशप्योर ब्रांड' के अंतर्गत तैयार किए गए उत्पाद महुआ लड्डू, महुआ कैंडी, महुआ टी, महुआ हेक्टर संग्रह आदि को देखा और उनकी गुणवत्ता की सराहना की। साथ ही उन्होंने जशपुर की पारंपरिक हस्तकला ‘छिंद कांसा टोकरी’ (हाथ से बनी बांस व छिंद की टोकरियां) की जानकारी ली। उन्होंने स्थानीय संसाधनों से बनी इस कलाकृति की प्रशंसा की। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने समूह की दीदी अनिता भगत और अन्नेश्वरी भगत से बातचीत की तथा उनके उत्कृष्ट कार्य और आजीविका सशक्तिकरण के प्रयासों के लिए शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर बगीचा विकास खंड की विशेष पिछड़ी जनजाति पहाड़ी कोरवा लखपति दीदी मनकुंवर बाई भी उपस्थित थीं। उन्होंने कहा कि जशपुर जैसे दूरस्थ अंचलों की महिलाएं आत्मनिर्भर भारत के निर्माण की सशक्त मिसाल हैं और उनके उत्पादों को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाना गर्व की बात है।





**सीएम जशपुर के उत्पादों को बढ़ावा देने कर रहें प्रयास** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय जशपुर के उत्पादों को बढ़ावा देने सार्थक प्रयास कर रहे हैं। महिलाओं द्वारा उत्पाद की जबरदस्त मांग बनी हुई है। तैयार जशप्योर ब्रांड के माध्यम से स्थानीय आदिवासी स्व-सहायता समूह की महिलाओं द्वारा तैयार उत्पादों को विभिन्न राज्यों जैसे पुणे, दिल्ली, मध्यप्रदेश, उड़ीसा आदि अन्य राज्यों में प्रदर्शनी लगाई गई। जहां प्रदर्शनी का अवलोकन कर लोग बड़ी मात्रा में खरीदी भी किए हैं और उत्पाद को भी पसंद किया जा रहा है। जिला प्रशासन जशपुर की पहल पर जशप्योर ब्रांड का पुणे के विभिन्न स्थानों पर नियमित स्टॉल लगाई जा रही है। जहां जशपुर जिले के स्थानीय कच्चे माल से बने उत्पादों को प्रदर्शित किया जा रहा है जो जशपुर की आदिवासी महिलाओं द्वारा तैयार किया गया है। ये उत्पाद अपनी शुद्धता और स्वास्थ्य लाभ के कारण उच्च मांग में हैं, क्योंकि इनमें कोई रसायन नहीं होता है। जिससे वे बाजार के अन्य उत्पादों की तुलना में एक स्वस्थ विकल्प बन जाते हैं। महुआ सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के उत्पाद जैसे महुआ सिरप (शहद का महुआ आधारित विकल्प), महुआ आधारित चीनी मुक्त च्यवनप्राश विकल्प फॉरेस्ट गोल्ड वन्य प्राश और बाजरा पास्ता के नियमित ग्राहक प्राप्त कर रहे हैं। इसके अतिरिक्त छिन्द घास के हाथ से बने टोकरियां त्यौहारी मौसम के दौरान उच्च मांग में हैं। स्थानीय अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने और जशपुर और जवाहर दोनों के आदिवासियों को स्थायी रोजगार प्रदान करने में जिला प्रशासन का प्रयास सराहनीय है।

## कोतबा की महिला का मास्टर एथलेटिक्स चैम्पियनशिप के लिए चयनित

**कोतबा।** जशपुर जिले के पत्थलगांव ब्लॉक के नगर पंचायत कोतबा की आंगनबाड़ी कार्यकर्ता विमला कुजूर का चयन 23वें एशिया मास्टर एथलेटिक्स चैम्पियनशिप के लिए हुआ है। इस पर खुशी जताते हुए सरस्वती शिशु विद्या मंदिर विद्यालय कोतबा में कार्यक्रम आयोजित कर विमला कुजूर का स्वागत किया गया।



इस दौरान बाजे-गाजे ढोल नगाड़े के साथ रैली निकाली गई एवं खेलने के लिए हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। कोतबा नगर के आंगनबाड़ी केंद्र में पदस्थ कार्यकर्ता विमला कुजूर की जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम चेन्नई, तमिलनाडु में 5 से 9 नवंबर तक आयोजित होने वाले 23वें एशिया मास्टर एथलेटिक्स चेम्पियनशिप 2025 में तीन विधाओं में खेलने के लिए चयनित हुई है। जहां वे हाई जम्प, लॉग जम्प, ट्रिपल जम्प में भाग लेंगी। यहां अंतरराष्ट्रीय स्तर के पूरे एशिया से 22 देशों के खिलाड़ी भाग लेंगे। विमला कुजूर को यह सफलता कर्नाटक के बैंगलुरू में आयोजित राष्ट्रीय मास्टर एथलेटिक्स प्रतियोगिता में बेहतरीन प्रदर्शन के आधार पर मिला है।

## मामूली कहा सुनी में युवक पर ब्लेड से हमला

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

- घायल की हालत नाजुक, अंबिकापुर रेफर
- आरोपी गिरफ्तार, पुलिस ने शुरू की जांच

शराब के नशे में उपजा मामूली झगड़ा शुक्रवार रात जशपुर जिले के बगीचा में खूनी संघर्ष में बदल गया। शराब दुकान के बाहर बैठे दो युवकों के बीच पहले कहासुनी हुई, फिर अचानक एक युवक ने दूसरे पर ब्लेड से हमला कर दिया। लहूलुहान युवक को गंभीर हालत में अस्पताल ले जाया गया, जहां से उसे अंबिकापुर मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। पुलिस ने हमलावर को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है।



मिली जानकारी के अनुसार घटना बगीचा थाना क्षेत्र के मुख्य बाजार स्थित शराब दुकान के बाहर की है। जानकारी के अनुसार दिलीप जायसवाल निवासी बगीचा और बाबा डेन्जारे नामक युवक शुक्रवार की रात दुकान के सामने शराब पी रहे थे। इसी दौरान किसी बात को लेकर दोनों के बीच कहासुनी शुरू हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, दोनों में पहले जुबानी बहस हुई, लेकिन देखते ही देखते मामला हाथापाई में बदल गया। गुस्से में आकर बाबा डेन्जारे ने अपनी जेब से ब्लेड निकाल ली और दिलीप जायसवाल के गले और चेहरे पर हमला कर दिया। वार इतना तेज था कि दिलीप मौके पर ही लहूलुहान होकर गिर पड़ा।

### युवक के गले, जबड़े पर गहरे घाव

हमले के बाद आसपास मौजूद लोगों ने तुरंत 108 एंबुलेंस और बगीचा पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची और घायल युवक को स्थानीय अस्पताल पहुंचाया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद बताया कि दिलीप के गले और जबड़े पर गहरे घाव हैं, जिससे उसकी स्थिति गंभीर है। बेहतर उपचार के लिए उसे अंबिकापुर मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया गया। डॉक्टरों के अनुसार समय पर इलाज नहीं मिलने पर जान का खतरा भी हो सकता था। फिलहाल डॉक्टरों की टीम उसकी हालत पर लगातार नजर रखे हुए है।

### आरोपी से की जा रही पूछताछ

घटना की जानकारी मिलते ही बगीचा थाना प्रभारी गौरव पाण्डेय पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचा। पुलिस ने घटना स्थल से खून से सनी मिट्टी और ब्लेड बरामद कर साक्ष्य जुटाए। आरोपी बाबा डेन्जारे को हिरासत में लेकर थाने लाया गया। जहां उससे पूछताछ जारी है।

## बाल विवाहों की रोकथाम के लिए रहना होगा सजग




**जशपुरनगर।** देवउठनी एकादशी से शुरू होने वाले शादी-विवाह के मौसम के मद्देनजर जिले में बाल विवाह के खिलाफ मुहिम चला रहे गैर सरकारी संगठन एक्सेस टू जस्टिस फॉर चिल्ड्रन ने जिला प्रशासन व जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण (डीएलएसए) से बाल विवाहों की रोकथाम के लिए सख्त निगरानी और अत्यधिक सतर्कता बरतने का अनुरोध किया है। संगठन ने जिला प्रशासन को भेजी गई चिट्ठी में बाल विवाहों की रोकथाम सुनिश्चित करने के लिए कड़ी चौकसी की अपील की है ताकि ऐसी कोई भी घटना प्रशासन की जानकारी से ओझल नहीं रह सके और तत्काल कार्रवाई की जा सके। साथ ही, जन-जन तक यह संदेश पहुंचाना आवश्यक है कि यदि किसी भी व्यक्ति के पास किसी संभावित बाल विवाह की जानकारी है तो वह तत्काल पुलिस हेल्पलाइन 112, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 या स्थानीय थाने को सूचित करें ताकि इस अपराध को रोका जा सके। संगठन ने एक नवंबर से शुरू हो रहे शादी-ब्याह के मौसम को देखते हुए जिला प्रशासन से सरपंचों, आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं और पुलिस को अतिरिक्त सतर्कता बरतने की बात कही है।

- एक्सेस टू जस्टिस फॉर चिल्ड्रन ने जिला प्रशासन को लिखा पत्र

## दवाइयों व संतुलित आहार के महत्व की दी जानकारी

**जशपुरनगर।** सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र दुलदुला में निक्षय मित्र पहल के अंतर्गत क्षय रोग से पीड़ित मरीजों के लिए पोषण सामग्री का वितरण किया गया। यह वितरण भारत रत्नम खूंटे एवं भारत मेडिकल गम्हरिया के सहयोग से संपन्न हुआ।

**खास बात**
- दुलदुला में क्षय रोगियों को फूड बास्केट का वितरण




निक्षय मित्र भारत रत्नम खूंटे ने बताया कि क्षय रोगियों के उपचार के साथ ही उन्हें उचित पोषण उपलब्ध कराना अत्यंत आवश्यक है। उचित पोषण मिलने से मरीजों की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है और वे जल्द स्वस्थ हो पाते हैं। स्वास्थ्य केन्द्र के प्रभारी अधिकारी एवं चिकित्सा स्टाफ ने मरीजों को दवाइयों के साथ संतुलित आहार के महत्व के बारे में जानकारी दी। वितरण के दौरान प्रत्येक टीबी मरीज को फूड बास्केट प्रदान की गई। जिसमें दाल, चना, चावल, सोया, बिस्किट प्रोटीन पाउडर और अन्य आवश्यक पोषक सामग्री शामिल थी।

खंड चिकित्सा अधिकारी शोभा मिंज ने बताया कि निक्षय मित्र योजना का उद्देश्य समाज के सक्षम व्यक्तियों, संस्थानों एवं संगठनों को क्षय रोगियों के पोषण और देखभाल में सहभागी बनाना है ताकि “टीबी मुक्त भारत 2025” के लक्ष्य को प्राप्त किया जा सके।

इस अवसर पर ईश्वर पाटले प्रोग्राम को-आर्डिनेटर टीबी, खुशबू खूंटे स्टाफ नर्स, ममता तिर्की एसटीएस, सुशीला टोप्पो बीसी सहित अस्पताल के समस्त स्टाफ मितानिन उपस्थित थे।

## खजरी टीम को 5 विकेट से हराकर लुड़ेग ने जीता फाइनल मैच

**जशपुरनगर।** खेल के क्षेत्र में ग्रामीण युवाओं को प्रोत्साहन देने और उनकी प्रतिभा को निखारने के उद्देश्य से चंदागढ़ में आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता का भव्य समापन हुआ। इस समापन समारोह में जिला पंचायत अध्यक्ष सालिक साय मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया और खेल को युवाओं के जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा बताया। फाइनल मुकाबला लुडेग और खजरी टीम के बीच खेला गया। जिसमें दोनों टीमों ने शानदार खेल भावना का प्रदर्शन किया। खजरी टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित ओवरों में 49 रनों का लक्ष्य निर्धारित किया। जवाब में लुडेग की टीम ने जबरदस्त बल्लेबाजी का प्रदर्शन करते हुए 5 विकेट से मुकाबला जीत लिया और प्रतियोगिता की विजेता बनी। विजेता टीम लुडेग को 20 हजार रूपए नकद पुरस्कार एवं ट्रॉफी प्रदान की गई, जबकि उपविजेता खजरी टीम को 10 हजार नगद पुरस्कार और ट्रॉफी से सम्मानित किया गया। खिलाड़ियों को सम्मानित करते हुए मुख्य अतिथि सालिक साय ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के युवा खेलों में लगातार उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं। इस तरह की प्रतियोगिताएं न केवल प्रतिभा को निखारती हैं, बल्कि एकता, अनुशासन और सहयोग की भावना को भी मजबूत करती हैं। खेलों से ही स्वस्थ समाज और सशक्त राष्ट्र का निर्माण संभव है। मंच पर मंडल अध्यक्ष विशाल अग्रवाल, सरपंच संघ अध्यक्ष रोशन प्रताप सिंह, चंद्रपुर सरपंच नंदनी पैकरा, सूरजगढ़ सरपंच सरस्वती पैकरा, सरपंच शशिकांता पैकरा, तमता सरपंच शीता बाज एवं चंदागढ़ उपसरपंच रामप्रसाद चौहान सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, भाजपा कार्यकर्ता, ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

**खास बात**
- चंदागढ़ में क्रिकेट प्रतियोगिता का भव्य समापन




## पर्यटन को बढ़ावा देने 6 से जशपुर जम्बुरी कार्यक्रम

# मयाली नेचर कैंप बना पर्यटकों के बीच आकर्षण का केंद्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

- मुख्यमंत्री साय के निर्देशन में होगा जिले में यह आयोजन

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के निर्देशन में जशपुर जिले में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए 6 से 9 नवंबर तक जशपुर जम्बुरी कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसमें मयाली नेचर कैम्प जशपुर में जल क्रीड़ा का नया रोमांचक गंतव्य स्पीड बोटिंग, कयाकिंग, एक्वा साइक्लिंग और बाउंस बोट का भी पर्यटन आनंद उठा पाएंगे।

जशपुर की हरी-भरी वादियां जलाशय हरे-भरे जंगलों, झरनों और पहाड़ियों से घिरे जशपुर जिले का मयाली नेचर पार्क अब रोमांच और जल क्रीड़ा प्रेमियों के बीच आकर्षण केंद्र बन गया है। शांत वातावरण और प्राकृतिक सौंदर्य से भरे इस स्थल में अब एडवेंचर का नया रंग जुड़ चुका है। स्पीड बोटिंग, कयाकिंग, एक्वा साइक्लिंग और बाउंस बोट जैसी गतिविधियां यहां के पर्यटन अनुभव को और भी यादगार बना रही हैं। वहीं मयाली जलाशय की स्वच्छ और विस्तृत झील अब पर्यटकों को केवल प्रकृति की गोद में सुकून ही नहीं, बल्कि रोमांच का अहसास भी कराती है।



**प्रकृति, रोमांच व संस्कृति का संगम:** जशपुर जिला प्रशासन और पर्यटन विभाग की यह पहल न केवल जिले के प्राकृतिक आकर्षणों को एक नया स्वरूप दे रही है, बल्कि इसे छत्तीसगढ़ के प्रमुख इको-टूरिज्म एवं एडवेंचर डेस्टिनेशन के रूप में स्थापित करने की दिशा में भी महत्वपूर्ण कदम है। मयाली नेचर पार्क अब केवल एक पिकनिक स्थल नहीं, बल्कि एक ऐसा अनुभव स्थल बन चुका है, जहां प्रकृति, रोमांच और संस्कृति तीनों का सुंदर संगम दिखाई देता है। झील के किनारे से उठती ठंडी हवा, पानी पर चमकती धूप की लहरें और दूर से आती बोट की आवाज, यह सब मिलकर एक ऐसा माहौल बनाते हैं जो हर पर्यटक के मन में जशपुर की याद हमेशा के लिए बसा देता है।

### एक्वा साइक्लिंग लोकप्रिय गतिविधियों में एक

परिवारों और युवाओं के बीच एक्वा साइक्लिंग सबसे लोकप्रिय गतिविधियों में से एक बन रही है। पानी पर चलती यह विशेष साइकिल रोमांच के साथ-साथ मनोरंजन का बेहतरीन मिश्रण पेश करती है। यह उन लोगों के लिए है जो शांति के साथ रोमांच तो चाहते हैं। वहीं बच्चों और समूह पर्यटकों के लिए बाउंस बोट पूरी तरह मस्ती से भरा अनुभव है। नाव पर हंसी, शोर और उमंग का माहौल पूरे झील क्षेत्र को जीवंत बना देता है। इन सभी गतिविधियों को सुरक्षा मानकों और प्रशिक्षित स्टाफ की निगरानी में संचालित किया जा रहा है। हर प्रतिभागी के लिए लाइफ जैकेट और आवश्यक सुरक्षा उपकरणों की व्यवस्था की गई है। प्रशिक्षित गाइड और स्थानीय युवाओं को भी इसमें शामिल किया गया है, जिससे यह पहल न केवल पर्यटन को बढ़ावा दे रही है, बल्कि स्थानीय रोजगार सृजन में भी योगदान दे रही है।

## पुनरीक्षण प्रक्रिया संबंधी दी गई जानकारी




**जशपुरनगर।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार निर्वाचन नामावली के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य के सफल संचालन के लिए शनिवार को स्वामी आत्मानंद विद्यालय सभागार जशपुर नगर में प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर रोहित व्यास के मार्गदर्शन में जशपुर विकासखंड के सेक्टर अधिकारी, सुपरवाइजर एवं बीएलओ को प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इस अवसर पर मास्टर ट्रेनर द्वारा पुनरीक्षण प्रक्रिया से संबंधित विस्तृत जानकारी दी गई। कलेक्टर श्री व्यास ने कहा कि बीएलओ की भूमिका इस कार्य में अत्यंत महत्वपूर्ण है। वे घर-घर जाकर मतदाताओं की जानकारी का सत्यापन एवं अद्यतन करेंगे। मृत मतदाताओं की जानकारी, नए मतदाता जोड़ने और आवश्यक सुधार का कार्य पारदर्शी एवं समयबद्ध तरीके से किया जाना आवश्यक है ताकि किसी पात्र मतदाता का नाम न छूटे। एसडीएम विश्वास राव मस्के ने प्रशिक्षण के दौरान सभी को तैयारियों की जानकारी दी तथा विशेष पुनरीक्षण कार्य को निर्धारित समयावधि में शत-प्रतिशत पूर्ण करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। प्रशिक्षण में जिला निर्वाचन कार्यालय के अधिकारी-कर्मचारी, सेक्टर अधिकारी, सुपरवाइजर एवं बीएलओ उपस्थित रहे।



# बाहुबली द एपिक में दिखे डिलीटेड सीन ऐसे हुई थी बाहुबली की रियल एंट्री

**नई दिल्ली।** डायरेक्टर एस.एस राजामौली ने अपनी मास्टरपीस फिल्में बाहुबली द बिगनिंग (2015) और बाहुबली द कंक्लूजन (2017) को मिलाकर एक फिल्म 'बाहुबलीः द एपिक' बनाई, जो 31 अक्टूबर को वर्ल्ड वाइड रिलीज हो चुकी है। 'बाहुबलीः द एपिक' ने रिलीज होते ही थिएटर में धमाका मचा दिया है, क्योंकि फिल्म में वो डिलीटेड सीन देखने को मिल रहे हैं, जो पहले दो पार्ट में नहीं देखने को मिले हैं। दर्शक इस डिलीटेड सीन पर कितना चीयर कर रहे हैं। दरअसल, इस डिलीटेड सीन में देखा जा रहा है कि फिल्म के दूसरे पार्ट में देवसेना के बेटे अमरेंद्र बाहुबली की एंट्री किसी और तरीके से हुई थी और 'बाहुबली द एपिक' में किसी और स्टाइल में दिखाई जा रही है। इसमें भल्लालदेव के पिता विट्ठल देव गुस्से में दिख रहे हैं और वहीं, उनके डायलॉग के साथ-साथ देवसेना के सामने उसके बेटे की दमदार एंट्री हो रही है।

## लाइफ Style



# अनीत
## जानवरों के साथ तस्वीरें और वीडियो किए शेयर

'सैयारा' फेम अनीत पड्डा सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। वह अक्सर यहां अपनी तस्वीरें और वीडियो शेयर करती रहती हैं। हाल ही में उन्होंने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर जानवरों के साथ कई बेहतरीन तस्वीरें और वीडियो शेयर किए हैं। तस्वीरों के साथ अनीत पड्डा ने एक खूबसूरत पोस्ट लिखी है।

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली


अनीत पड्डा ने जो तस्वीरें शेयर की हैं उसमें वह कुत्ते और बिल्लियों के साथ नजर आ रही हैं। एक तस्वीर में वह बिल्लियों के पास बैठी हैं। एक वीडियो में वह कुत्ते को गोद में लिए हुए हैं। एक वीडियो में अनीत पड्डा बिल्लियों से प्यार कर रही हैं। एक और तस्वीर में वह पौधा लगाते हुए नजर आ रही हैं। तस्वीरें शेयर करते हुए अनीत पड्डा ने उस संगठन की तारीफ की जो जानवरों को पाल रहा है। उन्होंने पोस्ट में लिखा 'इन आत्माओं के साथ कुछ समय बिताया जो बिना किसी भाषा के प्यार करते हैं। इन प्यारे जानवरों के साथ मुझे समय बिताने और बदले में इतना प्यार देने के लिए धन्यवाद।' अनीत पड्डा की पोस्ट पर कई यूजर्स ने कमेंट किए हैं। एक यूजर ने लिखा है 'आप बहुत दयालु हैं।' एक और यूजर ने लिखा है 'अनीत मैडम आप बहुत खूबसूरत हो।' एक और यूजर ने कहा है 'आप शुरू से अब तक चमक रही हो'। आपको बता दें कि अनीत पड्डा 18 जुलाई को रिलीज हुई फिल्म 'सैयारा' में अहान पांडे के साथ नजर आई थीं। इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर 579.23 करोड़ रुपये का कारोबार किया। मोहित सूरी के निर्देशन में बनी इस फिल्म को दर्शकों और आलोचकों से तारीफें मिलीं। अनीत पड्डा हॉरर कॉमेडी फिल्म 'शक्ति शालिनी' में नजर आने वाली हैं।

## हॉलीवुड मसाला



# स्टैंड बाई मी ने बना दिया स्टार

**नई दिल्ली।** रिवर फीनिक्स एक ऐसा नाम है जो हॉलीवुड में सिर्फ एक कलाकार नहीं, बल्कि एक वादा था। एक वादा जो अधूरा रह गया। कहा जाता है कि फीनिक्स पक्षी राख से पुनर्जन्म लेता है, लेकिन रिवर फीनिक्स की कहानी कुछ अलग थी। वह राख से तो उठा, पर उड़ान पूरी करने से पहले ही बुझ गया। रिवर ने सिर्फ 10 साल की उम्र में टीवी से अपने कॅरियर की शुरुआत की, लेकिन 1986 में आई फिल्म स्टैंड बाई मी ने उन्हें स्टार बना दिया। इस फिल्म में उनका मासूम लेकिन गहराई से भरा अभिनय आज भी याद किया जाता है। इसके बाद 'रनिंग ऑन एम्प्टी' में उनका प्रदर्शन इतना शानदार था कि उन्हें 'ऑस्कर नॉमिनेशन' तक मिला। निर्देशक सिडनी ल्यूमेट ने एक बार कहा था, 'रिवर के अंदर एक पुरानी आत्मा थी, जो अपने उम्र से कहीं ज्यादा समझदार थी।'



# नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुई द विचर सीजन 4

**नई दिल्ली।** लियाम हेम्सवर्थ अपनी लेटेस्ट रिलीज के साथ हेनरी कैविल का किया काम संभाल रहे हैं। एक्टर इन दिनों नेटफ्लिक्स पर रिलीज़ हुए 'द विचर'सीजन 4 में रिविया के गेराल्ट के रूप में नजर आ रहे हैं। शो के निर्माताओं के अनुसार, नए सीजन में गेराल्ट, येनेफर और सिरी की कहानी जारी रहेगी, जिन्हें पूरे महाद्वीप में कई चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा। हेनरी केविल ने साल 2022 में इस भूमिका से अलग होने का फैसला किया था जिसके बाद लोनली प्लानेट एक्टर को गेराल्ट के रोल के लिए चुना गया। अपने इंस्टाग्राम पर एक्टर ने एक पोस्ट के जरिए इसकी जानकारी दी थी। एक्टर ने लिखा, "गेराल्ट ऑफ रिविया के रूप में मेरी यात्रा राक्षसों और रोमांच दोनों से भरी हुई है और अफसोस, मैं सीजन 4 के लिए अपने पदक और अपनी तलवारें रख दूंगा। हालांकि, फैंस हेनरी केविल की जगह एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर प्रशंसक मुखर रहे हैं, और उन्होंने इस सीज़न को निरर्थक, भ्रमित करने वाला और अपने चरम से बहुत दूर कहा है। द विचर सीजन 4 30 अक्टूबर को स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म पर रिलीज हो गया है।



# 'है जवानी तो इश्क होना है' की रिलीज डेट आगे बढ़ी

**मुंबई।** डेविड धवन द्वारा निर्देशित फिल्म 'है जवानी तो इश्क होना है' एक रोमांटिक-कॉमेडी फिल्म है। इस फिल्म में डेविड के बेटे और बॉलीवुड एक्टर वरुण धवन मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। इस फिल्म में वरुण के साथ दो अभिनेत्रियां मुख्य भूमिका में हैं। फिल्म की रिलीज डेट बदल दी गई है। पहले यह अप्रैल 2026 में आने वाली थी, लेकिन अब यह 5 जून 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इस फिल्म में वरुण धवन, मृणाल ठाकुर, पूजा हेगड़े की केमिस्ट्री नजर आएगी। रॉम कॉम फिल्म को लेकर वरुण के फैंस बेहद उत्साहित हैं। वरुण धवन ने आज इंस्टाग्राम स्टोरी पर अपनी आगामी रोमांटिक कॉमेडी फिल्म 'है जवानी तो इश्क होना है' की एक तस्वीर शेयर की। जिसमें नारियल के पेड़ों के साथ बीच में लिखा फिल्म का नाम 'है जवानी तो इश्क होना है'।



# कोरियन एक्टर डॉन ली की स्पिरिट में हुई एंट्री

**मुंबई।** साउथ इंडियन सुपरस्टार प्रभास की आने वाली फिल्म 'स्पिरिट' में अब एक रोमांचक मौड़ आया है। इस फिल्म से अब एक कोरियन एक्शन एक्टर जुड़ गए हैं। मेकर्स ने ऐलान किया है कि ट्रेन टू बुसान'और इटर्नल्स के लिए मशहूर एक्टर डॉन ली ने संदीप वांदा रेड्डी की एक्शन फिल्म 'स्पिरिट' साइन कर ली है। फिल्म स्पिरिट को संदीप रेड्डी वांगा डायरेक्ट कर रहे हैं, जो कबीर सिंह और एनिमल जैसी फिल्मों के लिए प्रसिद्ध हैं। इस महीने प्रभास के जन्मदिन पर पांच भाषाओं- तेलुगु, हिंदी, तमिल, कन्नड़ और मलयालम में फिल्म स्पिरिट का 'साउंड स्टोरी' टीजर जारी हुआ था। इस फिल्म में प्रभास और डॉन ली के अलावा विवेक ओबेरॉय और प्रकाश राज भी अहम किरदार में नजर आएंगे। कथित तौर पर पहले दीपिका पादुकोण लीड रोल में थीं, लेकिन शेड्यूल की समस्या से उन्होंने फिल्म छोड़ दी।

## टीवी मसाला



# शो लाफ्टर शेफ्स 3 का हिस्सा बने विवियन डीसेना

**नई दिल्ली।** टीवी के हार्टथ्रोब विवियन डीसेना के फैंस के लिए सेलिब्रेशन का टाइम है। लंबे समय से ये कयास लगाए जा रहे थे कि विवियन एकता कपूर के शो नागिन 7 में नजर आएंगे। सीरियल में वो ड्रैगन का करेक्टर निभाने वाले थे। एक्टर फाइनली एक लंबी पारी के बाद टीवी पर लौट जरूर रहे हैं, लेकिन दूसरे शो के साथ। दरअसल, विवियन टीवी के पॉपुलर किचन शो लाफ्टर शेफ 3 से वापसी कर रहे हैं। इस शो में कई और नई स्टार कास्ट को शामिल किया गया है। वहीं, जज के तौर पर हरपाल सिंह सोखी और होस्ट के तौर पर भारती सिंह शो में वापसी करेंगे। सीजन 3 की शूटिंग शुरू हो गई है। नवंबर 2025 से इसका टेलिकास्ट भी शुरू हो सकता है। विवियन ने इसका एक बीटीएस वीडियो भी अपने इंस्टाग्राम पर शेयर किया है जिसमें वह अपनी वैनिटी वैन में शूटिंग के लिए तैयार होते नजर आ रहे हैं। आगे बढ़ते हुए, हम उन्हें सेट पर पहुंचते और लोकेशन पर मौजूद फोटोग्राफर्स के सामने पोज देते हुए नजर आए। इसके अलावा, उन्होंने सेट पर अपने को-कंटेस्टेंट एल्विश यादव, अभिषेक कुमार, ईशा मालवीय और कृष्णा अभिषेक सहित अन्य कलाकारों से मिलते हुए देखा गया। वीडियो शेयर करते हुए उन्होंने लिखा- पहले दिन के कुछ मोमेंट्स शेयर कर रहा हूं। हमेशा आप सभी का शुक्रगुजार रहूंगा।

## अर्जुन की बर्थ डे पार्टी में शामिल हुए टीवी सेलेब्स

**नई दिल्ली।** अर्जुन बिजलानी की बर्थ डे पार्टी टीवी के कई सेलेब्स पहुंचे। यह अर्जुन के करीबी दोस्त हैं। इस सेलिब्रेशन में पैपराजी भी शामिल हुए। अर्जुन ने पत्नी के साथ अपना जन्मदिन का केक काटा।



बाद में कई सेलेब्स उनकी बर्थ डे पार्टी में शामिल हुए। अर्जुन बिजलानी ने पत्नी के साथ केक काटा। इसके बाद आगे बढ़कर पैपराजी को केक खिलाया। अर्जुन ने अपनी करीबी दोस्तों को पार्टी में बुलाया था। तेजस्वी प्रकाश, जन्नत जुबैर के साथ पार्टी में पहुंचीं। साथ ही ईशा मालवीय भी अर्जुन की बर्थ डे पार्टी का हिस्सा बनीं। ब्लैक गाउन में वह काफी खूबसूरत नजर आ रही थीं। सना खान भी अर्जुन की बर्थ डे पार्टी में शामिल हुईं। अर्जुन बिजलानी टीवी पर 'नागिन' जैसा हिट शो कर चुके हैं। कई रियलिटी शो का हिस्स रहे हैं, एंकरिंग भी करते हैं। हाल ही में अर्जुन ने शो 'राइज एंड फॉल' में हिस्सा लिया था। इस शो में कमाल का गेम खेलते हुए वह विनर बने। इस शो में भोजपुरी स्टार पवन सिंह भी नजर आए थे।

# इजरायल में शुरू हुआ भारतीय फिल्म महोत्सव पद्मावत समेत दिखाई जाएंगी ये मशहूर फिल्में

**नई दिल्ली।** हाल ही में इजरायल के हाइफा में भारतीय फिल्म महोत्सव का उद्घाटन हुआ। हाल ही में इजरायल की राजधानी यरुशलम में बड़े पैमाने पर प्रदर्शन हुए। इसके बावजूद यहां 200 से ज्यादा लोगों ने भारतीय फिल्म महोत्सव के उद्घाटन में हिस्सा लिया। भारतीय दूतावास ने हाइफा नगर पालिका के साथ मिलकर गुरुवार को फिल्म महोत्सव का उद्घाटन समारोह आयोजित किया।

## महोत्सव के दूसरे संस्करण का हुआ आयोजन

इस मौके पर छह फिल्मों का प्रदर्शन हुआ जिसके जरिए भारतीय सिनेमा की विरासत का जश्न मनाया गया। भारतीय दूतावास ने इस वर्ष फरवरी में एक फिल्म महोत्सव का आयोजन किया था। इसे भारत के प्रति उत्साही लोगों ने सराहा था। इसके बाद दूसरे संस्करण का आयोजन किया गया।



## इजरायल में दिखाई जाएंगी ये फिल्में

इजरायल फिल्म निर्माता, डैन वोलमैन ने इस महोत्सव को एक अहम पहल बताया। महोत्सव के तहत इजरायल के कई हिस्सों में भारत की फिल्में दिखाई जाएंगी। दो हफ्ते के इस आयोजन के दौरान हाइफा, तेल अवीव और दिमोना में पद्मावत, गंगूबाई काठियावाड़ी, जवान, दिलवाले दुल्हनिया ले जाएंगे, अंधाधुन और 12वीं फेल जैसी फिल्में दिखाई जाएंगी।

## फिल्म महोत्सव मनाने का मकसद

भारतीय दूतावास में मिशन उप-प्रमुख, सर्वजीत सूदन ने भारतीय सिनेमा को इजरायली दर्शकों के करीब लाने में सहयोग के लिए हाइफा शहर का आभार व्यक्त किया। सूदन ने कहा, 'भारतीय फिल्में भारत की भावना- उसकी सांस्कृतिक विविधता, भावनाओं, मूल्यों और परंपराओं को दर्शाती हैं। इस महोत्सव के माध्यम से, हम भारत और इस्राइल के बीच सांस्कृतिक पुल और अच्छे संबंध बनाने की आशा करते हैं।' इजरायल में विभिन्न क्षेत्रों में लगभग 46,000 भारतीय काम करते हैं।

# दीपिका के सपोर्ट में आईं मोना, हर महिला को इन मुद्दों पर बोलना चाहिए

**नई दिल्ली।** एक्टर मोना सिंह ने महिलाओं से अपील की है कि वे जरूरत से ज्यादा काम करने को 'नॉर्मल'मानना बंद करें। उन्होंने दीपिका पादुकोण की तारीफ करते हुए कहा कि वह लगातार भारत में मेंटल हेल्थ को लेकर जागरूकता फैलाती रही हैं। मोना का कहना है कि कई महिलाएं थकान को अपनी मेहनत की निशानी समझती हैं और बिना आराम के लंबा काम करती रहती हैं, चाहे वो महत्वाकांक्षा हो या समाज की उम्मीदें। उनका मानना है कि ये सोच शारीरिक और मानसिक, दोनों तरह से बेहद नुकसानदायक है और हमारे समाज व इंडस्ट्री में अभी भी इसे गंभीरता से नहीं लिया जाता।



एक्ट्रेस मोना सिंह ने महिलाओं से कहा है कि ज्यादा काम करना और थक जाना कोई शान की बात नहीं है। उन्होंने दीपिका पादुकोण की तारीफ की, जो हमेशा मानसिक स्वास्थ्य को लेकर लोगों में जागरूकता फैलाती हैं।

## जागरूकता फैलाने के लिए जताया आभार

एक्ट्रेस ने अपनी साथी महिला सेलेब्रिटीज की तारीफ की, जो इन मुद्दों पर जागरूकता फैला रही हैं। उन्होंने कहा, 'मुझे खुशी है कि अब सेलिब्रिटीज इन बातों पर खुलकर बोल रही हैं और लोगों को जागरूक कर रही हैं। वरना टियर-2 शहरों की महिलाएं इन बातों को सामान्य मानकर चुप रहतीं। जब कोई मशहूर शख्स मानसिक स्वास्थ्य, इमोशनल वेलनेस, पीरियड्स या हार्मोन जैसी चीजों पर बात करता है, तो इससे जागरूकता बढ़ती है। ऐसी और भी महिलाएं, जिन्हें लोग फॉलो करते हैं, उन्हें आगे आकर इन मुद्दों पर खुलकर बात करनी चाहिए और इन्हें सामान्य बनाना चाहिए।'

## अजय और रकुल की जोड़ी 'दे दे प्यार 2' में रोमांस से भरी ला रही है कॉमेडी

# इस महीने सिनेमाघरों में रिलीज होंगी सात हिंदी फिल्में

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

नवंबर का नया महीना आ गया है। मौसम का मिजाज बदल रहा है। हल्की-हल्की सर्द हवा में मन रूमानी हुआ जा रहा है। पिछले महीने जहां सिनेमाघरों में 'कांतारा चैप्टर 1' और 'थामा' ने धूम मचाई, वहीं अब साल 2025 के 11वें महीने में 7 हिंदी फिल्में थिएटर्स में दस्तक देने वाली हैं। इनमें शाह बानो केस पर बनी इमरान हाशमी और यामी गौतमक की 'हक' जहां अधिकरों की बात करने वाली है, वहीं अजय देवगन और रकुल प्रीत सिंह की जोड़ी 'दे दे प्यार 2' में रोमांस से भरी कॉमेडी ला रही है। फरहान अख्तर की '120 बहादुर' में देश के वीर सैनिकों को श्रद्धांजलि होगी। वहीं, धनुष और कृति सेनन 'रांझणा' का आत्मीय सीक्वल 'तेरे इश्क में' लेकर आ रहे हैं।

## हक (7 नवंबर)

सुपर्ण एस वर्मा के डायरेक्शन में बनी हक में इमरान हाशमी और यामी गौतम लीड रोल में हैं। यह फिल्म शाह बानो केस के ऐतिहासिक अदालती मुकदमे पर आधारित है। यह फिल्म एक औरत की लंबी कानूनी लड़ाई की दास्तान है, जिसके पति ने उसे तीन तलाक दे दिया। यह मुस्लिम पर्सनल लॉ, देश की धर्मनिरपेक्ष न्याय व्यवस्था और लैंगिक अधिकारों जैसे विषय पर फोकस करती है। फिल्म में यामी के किरदार का नाम शाजिया बानो है, जबकि इमरान ने अब्बास खान का किरदार निभाया है।

## जटाधारा (7 नवंबर)

जटाधारा मूल रूप से तेलुगू में बनी सुपरनैचुरल हॉरर फिल्म है, जो हिंदी में भी रिलीज हो रही है। इसमें सुधीर बाबू और सोनाक्षी सिन्हा लीड रोल में हैं। वेंकट कल्याण और अभिषेक जायसवाल के डायरेक्शन में बनी यह फिल्म एक ऐसे नायक की कहनी है, जो शक्तिशाली और बदले की आग में झुलस रही पिशाचनी का सामना करता है।




## मस्ती 4 (21 नवंबर)

*मिलाप जावेरी के डायरेकशनन में बनी मस्ती 4, बॉलीवुड के लोकप्रिय एडल्ट कॉमेडी फ्रेंचाइजी की चौथी किस्त है। रितेश देशमुख, विवेक ओबेरॉय और आफताब शिवदासानी की तिकड़ी एक बार फिर साथ आ रही है। फिल्म फिर से तीनों शादीशुदा मर्दों की अपनी-अपनी बीवियों से इतर रोमांस की तलाश और ठेठ शरारतों पर आधारित है।*

## दे दे प्यार दे 2 (14 नवंबर)

*अंशुल शर्मा के डायरेक्शन में बनी दे दे प्यार दे 2 साल 2019 में आई दे दे प्यार दे' का सीक्वल है। लव रंजन और तरुण जैन ने इसकी कहानी लिखी है। अजय देवगन और रकुल प्रीत सिंह की जोड़ी एक बार फिर दर्शकों के लिए एक रोमांटिक कॉमेडी राइड ला रही है। कहानी एक अधेड़ उम्र के मर्द और एक कम उम्र की लड़की के प्यार की है। बात शादी तक पहुंच रही है, इसलिए लड़की के घरवालों को रिझाने का काम शुरू होता है। जबकि लड़की के पैरेंट्स और उसके प्रेमी, दोनों की उम्र करीब-करीब बराबर ही है। फिल्म में आर माधवन, गौतमी कपूर, जावेद जाफरी और मिजान जाफरी भी हैं।*

## 120 बहादुर (21 नवंबर)

रजनीश घई के डायरेक्शन में बनी 120 बहादुर, एक वॉर फिल्म है। फरहान अख्तर ने फिल्म में मेजर शैतान सिंह भाटी और राशि खन्ना ने शैतान की पत्नी शगुन कंवरी सिंह की भूमिका निभाई है। यह ऐतिहासिक 'रेजांग ला की लड़ाई' के वीर सैनिकों की बहादुरी को याद करती है, जिसे चीन-भारतीय युद्ध की सबसे प्रमुख घटनाओं में से एक माना जाता है। 18 नवंबर 1962 को लड़ी इस लड़ाई में सेना के 13 कुमाऊं रेजिमेंट की चार्ली कंपनी के 120 सैनिकों ने 3000 चीनी सैन्य टुकड़ी से लोहा लिया था।

## गुस्ताख इश्क (21 नवंबर)

विभु पुरी के डायरेक्शन में बनी गुस्ताख इश्क एक रोमांटिक ड्रामा फिल्म है। विजय वर्मा और फातिमा सना शेख लीड रोल में हैं। उनके साथ नसीरुद्दीन शाह भी हैं। मनीष मल्होत्रा के बैनर तले बनी इस फिल्म की कहानी पंजाब की लुप्त होती कोठियों और पुरानी दिल्ली की गलियों में घूमती हुई आगे बढ़ती है।

## तेरे इश्क में (28 नवंबर)

साल 2013 में आनंद एल राय जब धनुष के साथ 'रांझणा' लेकर आए, तब वह फिल्म हर दिल की धड़कन बन गई। अब वह धनुष और कृति सेनन के साथ तेरे इश्क में ला रहे हैं। यह तमिल और हिंदी दोनों भाषाओं में रिलीज होगी। यह एक इमोशनल लव स्टोरी है, जो 'रांझणा' की दुनिया का ही हिस्सा है। एकतरफा प्यार, साथी को पाने की अथाह लालसा और प्रेम-संघर्ष पर बुनी इस कहानी को एआर रहमान ने संगीत से सजाया है।

## खबर संक्षेप

### समलाई माता मंदिर में होगा श्याम भजन

**बिलाईगढ़।** कार्तिक पूर्णिमा एवं गुरु पूर्णिमा के शुभ अवसर पर समलाई माता मंदिर परिसर स्थित नए गार्डन में श्याम भजन एवं भक्ति संगीत कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम 5 नवम्बरो होगा। आयोजन समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि कार्यक्रम में स्थानीय भजन गायक व कलाकारों द्वारा प्रभु श्री श्याम के भजन, आरती एवं भक्ति गीतों की प्रस्तुति दी जाएगी। यह आयोजन नगरवासियों के आध्यात्मिक उत्थान एवं सांस्कृतिक एकता को समर्पित रहेगा।

### कॉलेज में मनाया गया राष्ट्रीय एकता दिवस

**बिलाईगढ़।** शासकीय शहीद वीर नारायण सिंह महाविद्यालय बिलाईगढ़ में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एवं राजनीति विज्ञान विभाग के संयुक्त तत्वावधान में लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर राष्ट्रीय एकता दिवस मनाया गया। राष्ट्रीय एकता अखंडता और सुरक्षा की भावना को सशक्त बनाने के लिए शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. उमाकांत मिश्र ने इस अवसर पर सभी छात्र छात्राओं, सहायक प्राध्यापकों, अतिथि व्याख्याताओं एवं कार्यालयीन स्टाफ को सत्यनिष्ठा एवं राष्ट्रीय एकता के प्रति समर्पण की शपथ दिलाई।

### धान पंजीयन के आखिरी दिन मायूस लौटे किसान

**पुसौर।** किसानों को अपने धान बिक्री करने के लिए तहसील में एग्रीस्टेक के तहत पंजीयन के साथ साथ केवाईसी कराने का फरमान शासन द्वारा जारी हुआ था। जिसकी अंतिम तारीख 31 अक्टूबर था। अंतिम दिवस जिन किसानों का पंजीयन नहीं हो पाया वे मायूस होकर लौटने की जानकारी प्रकाश में आया है। धान विक्रय पंजीयन में गत वर्षों में मृतक के वारिसान के पिता के मृत्यु के पश्चात धान विक्रय कर सकते थे परंतु सरकार के द्वारा एग्रीस्टेक साफ्टवेयर में मृतक के वारिसान को धान विक्रय के लिए अभी तक कोई विकल्प नहीं दिया है। जिससे किसी पंजीकृत किसान की मृत्यु अचानक धान विक्रय की समयावधि में हो जाती है तो वारिसान धान विक्रय के लिए असुविधा होने की पूरी संभावना है। एग्रीस्टेक में बिना पंजीयन कोई भी वैकल्पिक व्यवस्था साफ्टवेयर में नहीं होने से संबंधित व्यक्तियों के द्वारा फौती नामांतरण भी नहीं करवाया है। ये सभी मृतक किसान के वारिसान धान विक्रय के वंचित रह जाएंगे इस प्रकार एग्रीस्टेक साफ्टवेयर में कई तरह की खामियां है। वर्तमान में कोई सुधार की संभावना नहीं है।

### जंगल में बिजली के तार ने ली युवक की जान

**राउरकेला।** जिले के बनाई थाना क्षेत्र में शनिवार को एक दर्दनाक हादसे ने पूरे इलाके को स्तब्ध कर दिया। जंगली जानवरों को फँसाने के लिए बिछाए गए बिजली के तार की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई, जबकि उसकी प्रेमिका गंभीर रूप से झुलस गई। घायल युवती को राउरकेला सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहाँ उसकी हालत चिंताजनक बताई जा रही है। मृत युवक की पहचान प्रेमराज मुंडा 24 के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, प्रेमराज पर अपने बड़े पिता की हत्या का आरोप था और वह लंबे समय से फरार चल रहा था। शुक्रवार को गाँव लौटने पर उसका मृत बड़े पिता के परिजनों से विवाद हो गया। खुद पर हमले की आशंका से वह अपनी प्रेमिका मिलन मंजरी के साथ जंगल की ओर भाग निकला। इसी दौरान दोनों सालेइडिही जंगल में बिछे बिजली के तार की चपेट में आ गए। जिससे उनकी मौत हो गई।

## निधन...

### उपमा सतपथी



**पुसौर।** उत्कल ब्राम्हण समाज के युवा पदाधिकारी लोकेश सतपथी की पत्नी उपमा सतपथी की निधन हो गया। वे कैंसर से पीड़ित थी और उनका इलाज चल रहा था। उत्कल ब्राम्हण समाज एवं क्षेत्र के लोगों ने परिवार के प्रति संवेदना प्रकट की।

### हॉस्पिटल के जीर्णोद्धार और विकास कार्यों को जनवरी तक पूरा करने निर्देश

# कलेक्टर ने किया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलाईगढ़



कलेक्टर डॉ. संजय कन्नौजे ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिलाईगढ़ का औचक निरीक्षण किया। कलेक्टर ने सोनोग्राफी सेंटर, एक्स रे रूम, फॉर्मेसी कक्ष सहित विभिन्न वार्डों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की समीक्षा की।

उन्होंने वहां चल रहे सभी निर्माणाधीन विकास कार्यों को जायजा लेकर अधिकारियों को जनवरी 2026 तक पूर्ण कराने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने अस्पताल परिसर में साफ सफाई बनाए रखने, मरीजों के साथ अच्छा व्यवहार करने तथा गुणवत्तापूर्ण सेवा प्रदान करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने बिलाईगढ़ अस्पताल में इलाज कराने आए मरीजों से भी चर्चा कर उनका हालचाल जाना। मरीजों से डॉक्टरों की समय पर उपस्थिति एवं उपचार की गुणवत्ता की जानकारी भी ली। उन्होंने कहा कि इस अस्पताल को हम प्राइवेट अस्पतालों की तर्ज पर विकसित कर रहे हैं ताकि मरीजों को सभी सुविधाएँ एक ही स्थान पर मिल सकें।

**सोनोग्राफी मशीन शुरू -** कलेक्टर डॉ संजय कन्नौजे के निर्देश पर छत्तीसगढ़ मेडिकल सर्विस कार्पोरेशन की ओर से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिलाईगढ़ को प्राप्त सोनोग्राफी मशीन को एक माह पूर्व से चालू किया गया है। इससे मरीजों को इलाज कराने में मदद मिलेगी।

### भागवत कथा का रसपान कर रहे बरभांठावासी

**तमनार।** तमनार जनपद के बरभाठा में समस्त भक्तों द्वारा संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ कथावाचक पं. महेन्द्र शर्मा के मुखरबिंद से श्रीमुख से कथा व्यास पीठ पर विराजमान होकर अपनी ओजमयी रसमयी अमृतवाणी द्वारा भक्तजनो को कथामृत का रसपान करा रहे हैं। यह कक्षा 29 अक्टूबर से चालू हुआ है। 5 नवम्बर तक कैलाश कॉलोनी के सामने, बरभांठा तमनार में चलेगा। । इस दौरान गुरुवार को कथा महात्मय गोकर्ण उपाख्यान, शुक्रवार महाभारत कथा सुनाई गई। 1 नबम्बर शनिवार, ध्रुव चरित्र, बामन अवतार, श्रीराम कथा, कृष्ण जन्मोत्सव, कृष्ण बाल लीला, गोवर्धन पूजा, छप्पन भोग, रासलीला, रुकमणी विवाह तुलसी वर्षा, सुदामा चरित्र, परिक्षित मोक्ष, कथा विश्राम एवं प्रसाद वितरण कार्यक्रम होगी। संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह में भक्ति ज्ञान, वैराग्य की पावन त्रिवेणी गंगा में डुबकी लगाते संगीत पार्टी की आधुनिक सुमधुर धुनों से लोग मंत्रमुग्ध हो रहे हैं।



## आदर्श कृषि उपज मंडी में तब्दील होने जा रहा पटेलपाली मंडी

हरिभूमि न्यूज ⏭ पुसौर

वित्तमंत्री ओपी चौधरी द्वारा किसानों एवं सब्जी व्यापारियों के सहूलियत दिलाने के लिए बड़े-बड़े गोदाम बनाए जा रहे हैं वहीं गेट को नया लूक दिया जा रहा है। जिसके कारण इन दिनों मंडी में प्रवेश लेने के लिए लोगों को कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। ज

ज्ञात हो कि कृषि उपज मंडी कार्यालय कभी इतवारी बाजार परिसर मे मौजूद था जो पिछले कई वर्षो से शहर से दूर ग्राम पटेल पाली में स्थापित किया गया है। यह लगभग 18 एकड में फैला है शुरूआती दौर में उक्त मंडी व प्रांगण उजड़ा सा लगता था, लेकिन धीरे धीरे इसका विकास होते जा रहा है और मंत्री ओपी चौधरी के कार्यकाल में यह नए कलेवर के रूप में देखा जा सकता है। मंडी सचिव अनिरूद्ध सिंह बताते हैं कि मंडी प्रांगण के 3 गोदाम, पुसौर स्थित 1 गोदाम एवं चिखली के दुकानों से मंडी में किराया आता है। कुछ दुकाने खाली पड़ी हैं जिसके लिए टेंडर किया जाएगा। मंडी की स्थापना 1975 में हुई थी जहां मंडी सचिव के रूप में कार्यालय प्रमुख पदस्थ होते हैं जिसमें अब तक 36 मंडी सचिव पदस्थ हुए हैं।

# पटेल जयंती पर सुंदरगढ़ में रन फॉर यूनिटी में दौड़े लोग

**सुंदरगढ़।** लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती और राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर शुक्रवार सुबह सुंदरगढ़ में जोश और उत्साह से भरपूर एकता दौड़ का आयोजन किया गया। यह दौड़ बिरसा मुंडा चौक से प्रारंभ होकर विकास भवन तक निकाली गई, जिसमें जिले के प्रशासनिक अधिकारी, पुलिसकर्मी, जनप्रतिनिधि, विद्यार्थी और बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों ने भाग लिया।

■ राष्ट्र की एकता, अखंडता व समरसता का दिया संदेश




इस कार्यक्रम में विधानसभा उपाध्यक्ष भवानी शंकर भोई भी शामिल हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला प्रशासन की ओर से किया गया। इस अवसर पर प्रतिभागियों ने देश की एकता, अखंडता और भाईचारे के लिए कदम से कदम मिलाकर दौड़ लगाई। उपाध्यक्ष भवानी शंकर भोई ने कहा कि सर्दार पटेल की दृढ़ इच्छाशक्ति और दूरदर्शी नेतृत्व ने भारत को एक सूत्र में पिरोया था। उनका जीवन आज भी हमें एक भारत, श्रेष्ठ भारत के संकल्प के प्रति प्रेरित करता है। इसी क्रम में सुंदरगढ़ पुलिस विभाग की ओर से भी सुबह 7 बजे रन फॉर यूनिटी का आयोजन किया गया, जो रिज़र्व ग्राउंड से प्रारंभ होकर परीजात पार्क तक संपन्न हुआ। पुलिस कर्मियोंए एनसीसी कैडेटों और युवाओं ने राष्ट्र की एकता और सौहार्द का संदेश देते हुए इसमें बढ़ चढ़कर भाग लिया। सुंदरगढ़ में इस अवसर पर देशभक्ति का उत्साह देखते ही बनता था। जगह जगह श्राष्ट्र की एकता ही हमारी शक्ति हैश के नारों से वातावरण गुंजायमान रहा। पुलिस कप्तान अमृत पाल कौर व अन्य पुलिस अधिकारियों ने हिस्सा लिया।



### दिव्यांग हॉस्टल में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

**रायगढ़।** रजत जयंती के अवसर सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले में संचालित मोबाइल मेडिकल यूनिट द्वारा शिविर का आयोजन दिव्यांग हॉस्टल में किया गया। जहां के बच्चों के स्वस्थ जांच के साथ, रक्त का परीक्षण किया गया एवं दवाइयां दी गई। स्टाफ में डॉक्टर किशोर पटेलएनर्स पुष्पा कंद लेब टेक्नीशियन विकास पटेल, फार्मा अरुण पटेल उपस्थित थे। प्रत्येक माह में 1 दिन विशेष शिविर का आयोजन दिव्यांग बच्चों के लिए किया जाता है। जहां पर मौसमी बीमारी को ध्यान में रखते उपचार किया जाता है। इस मोबाइल मेडिकल यूनिट के माध्यम से प्रत्येक माह 12 कैंप बरमकेला एवं 12 कैंप सरिया में आयोजित किया जाता है जिससे कि आम नागरिकों को बहुत लाभ हो रहा है विशेष कर महिलाओं को।

# डेली मार्केट स्कूल में धार्मिक सांस्कृतिक कार्यक्रम की मांग

**राउरकेला।** पूर्व केंद्रीय मंत्री व भाजपा के वरिष्ठ नेता दिलीप राय ने सुंदरगढ़ के जिलाधिकारी डॉ. सुभंकर मोहापात्रा को पत्र लिखकर राउरकेला के डेली मार्केट क्षेत्र में धार्मिक, सांस्कृतिक और सामुदायिक कार्यक्रमों के आयोजन के लिए उपयुक्त स्थान उपलब्ध कराने की मांग की है।

■ पूर्व केंद्रीय मंत्री दिलीप राय ने कलेक्टर को लिखा पत्र

7 अक्टूबर को लिखे गए पत्र में श्री राय ने कहा कि डेली मार्केट राउरकेला का सबसे पुराना और घनी आबादी वाला क्षेत्र है, जहां ऐसे आयोजनों के लिए कोई सार्वजनिक स्थल नहीं है। पूर्व में डेली मार्केट हाई स्कूल का खुला प्रांगण इन आयोजनों का प्रमुख स्थल रहा है, जहां 24 प्रहर नाम महायज्ञ सहित कई धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम शांतिपूर्वक संपन्न होते थे। उन्होंने बताया कि पिछले कुछ वर्षों से स्कूल प्रांगण में इन आयोजनों की अनुमति बंद कर दी गई है, जिससे स्थानीय लोगों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।



उन्होंने सुझाव दिया कि कार्यक्रमों को सप्ताहांत, सार्वजनिक अवकाश या स्कूल अवकाश के दिनों में ही अनुमति दी जाए। आयोजकों को स्वच्छता, ध्वनि नियंत्रण और भीड़ प्रबंधन की पूरी जिम्मेदारी दी जा सकती है, जबकि प्रशासन और पुलिस की निगरानी सुनिश्चित की जाए। श्री राय ने कहा कि पहले भी यह व्यवस्था सफलतापूर्वक लागू रही है, अतः नियंत्रित प्रणाली से इसे पुनर्जीवित किया जा सकता है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि जिला प्रशासन एक संतुलित समाधान निकालेगा, जिससे विद्यार्थियों के हित सुरक्षित रहते हुए समुदाय की सांस्कृतिक परंपराएँ भी जारी रह सकें।

## पुसौर में रन फार यूनिटी सैकड़ों लोगों ने लगाई दौड़




**पुसौर।** पुसौर में सरदार बल्लभ भाई पटेल के 150 वीं जयन्ती के अवसर पर रन फार यूनिटी के आयोजन किया गया था। टीआई राम किंकर यादव ने यह आयोजन किया। इसके लिए प्रशासन ने आवागमन को पहले व्यवस्थित कर दिश था। जिससे व्यस्त रोड में भी राष्ट्रीय एकता दौड आसानी से पूरा हो सका। कार्यक्रम में अभिनव विद्यामंदिर, आर्य विद्यासागर, आदर्श स्कूल, आत्मानंद स्कूल के छात्रों के साथ साथ आम नागरिक एवं जनप्रतिनिधि शामिल रहे। इसकी शुरूआत बोरोडीपा से नगर पंचायत कार्यालय परिसर तक हुई। जनप्रतिनिधियों में नगर उपाध्यक्ष उमेश साव, पार्षद प्रदीप यादव, फगुलाल प्रधान, वरिष्ठ आरक्षक दिलीप सिदार, वरिष्ठ मंशी टीआर बरेठ, रूपेश साव, बरूण महाणा, कालेज से कांटे, मण्डल अध्यक्ष जैमिनी गुप्ता, अविनाश, गुप्ता, सामाजिक कार्यकर्ता सुरेन्द्र जेना समेत अन्य लोग मौजुद रहे। कार्यक्रम के शुरूआत में टीआई यादव ने उपस्थित लोगों को संबोधित किया। उन्होंनें राष्ट्रीय एकता के संदर्भ में प्रकाश डाला। समापन में उपाध्यक्ष उमेश साव ने संबोधित करते हुए कहा कि 565 रियासत को विलय करने का श्रेय सरदार बल्लभ भाई पटेल को जाता है और इस आशय से समूचा भारत वर्ष एक जुट हुआ इस तारतम्य में इन्हें लौहपुरूष कहा जाता है।

### वैज्ञानिक पद्धति से बकरी पालन पर मिली ट्रेनिंग

**सुंदरगढ़।** मत्स्य एवं पशुधन विकास विभाग, ओडिशा सरकार के पशुचिकित्सा अधिकारी प्रशिक्षण संस्थान, भुवनेश्वर के सहयोग से वैज्ञानिक पद्धति से बकरी पालन विषय पर तीन दिवसीय कौशल विकास प्रशिक्षण शिविर 28 से 30 अक्टूबर तक जिला कृषि विज्ञान केंद्र परिसर में आयोजित किया गया। इस प्रशिक्षण में मुख्यमंत्री कृषि उद्योग योजना एवं अन्य सरकारी योजनाओं के अंतर्गत जिले के विभिन्न ब्लॉकों से चयनित 20 किसानों ने भाग लिया। विशेषज्ञों ने वैज्ञानिक बकरी पालन, बाड़ा निर्माण, ब्लैक बंगाल नस्ल का संवर्धन, संतुलित आहार, रोग नियंत्रण, परियोजना योजना, विपणन एवं सरकारी योजनाओं पर प्रशिक्षण दिया। दूसरे दिन प्रतिभागियों को सबडेगा ब्लॉक के भोजपुर और सदर ब्लॉक के सामिना गाँव स्थित आदर्श बकरी फार्मों का भ्रमण कराया गया, जहाँ उन्होंने फार्म प्रबंधन और आहार निर्माण की प्रक्रिया का अवलोकन किया। प्रशिक्षण में जिला पशुधन विकास विभाग के 12 अधिकारियों ने प्रशिक्षक के रूप में भाग लिया।

# जिंदल फाउंडेशन का दृष्टि अभियान, बच्चों की आंखों की सेहत के लिए नई पहल

**रायगढ़।** छत्तीसगढ़ राज्य के गठन के रजत जयंती वर्ष के अवसर पर जिंदल फाउंडेशन ने जिला प्रशासन रायगढ़ के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों की आंखों की सेहत के लिए एक महत्वपूर्ण पहल शुरू की है। फाउंडेशन द्वारा संचालित दृष्टि अभियान के तहत आसपास के गांवों के शासकीय विद्यालयों में विशेष नेत्र जांच शिविर आयोजित किए जाएंगे। इस अभियान की शुरुआत 3 नवम्बर को ग्राम पतरापाली के शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय से की जाएगी। इन शिविरों में फोर्टिस ओपी जिंदल अस्पताल के विशेषज्ञ चिकित्सक आधुनिक उपकरणों के साथ सभी विद्यार्थियों की आंखों की जांच करेंगे।

जिन बच्चों को चश्मे की आवश्यकता पाई जाएगी, उन्हें उत्तम गुणवत्ता वाले चश्मे निःशुल्क उपलब्ध कराए जाएंगे। आज के डिजिटल युग में लगातार बढ़ते स्क्रीन टाइम के कारण कम उम्र में ही बच्चों की आंखों की कमजोरी एक आम समस्या बनती जा रही है। ग्रामीण क्षेत्रों में समय पर जांच न होने से यह परेशानी और बढ़ जाती है।

**गांव-गांव में लगाए जाएंगे स्वास्थ्य शिविर**

शैक्षणिक संस्थानों में नेत्र जांच के साथ ही जिंदल फाउंडेशन द्वारा गांव गांव में स्वास्थ्य शिविर भी लगाए जाएंगे। इन शिविरों में फोर्टिस ओपी जिंदल अस्पताल के चिकित्सक ग्रामीणों की स्वास्थ्य जांच करेंगे और आवश्यकतानुसार निःशुल्क दवाइयां भी वितरित की जाएंगी।

## आत्मानंद स्कूल में मनाया गया राष्ट्रीय एकता दिवस

**बिलाईगढ़।** 31 अक्टूबर को स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय बिलाईगढ़ में भारत रत्न लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में बड़े ही उत्साह और उल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य एवं समस्त स्टाफ सदस्यों द्वारा सरदार पटेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पूजा अर्चना के साथ किया गया। इसके पश्चात राष्ट्रीय एकता एवं अखंडता की शपथ प्राचार्य द्वारा सभी शिक्षकगणों एवं छात्र छात्राओं को दिलाई गई।



इसके बाद रन फॉर यूनिटी एकता दौड़ का आयोजन किया गया, जिसमें छात्र छात्राओं ने पूरे जोश और उत्साह के साथ भाग लिया। एकता दौड़ के पश्चात थाना बिलाईगढ़ के अधिकारीगण, गणमान्य नागरिक, विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्य, प्राचार्य, स्टाफ सदस्य एवं छात्र छात्राओं ने मिलकर राष्ट्रीय एकता एवं अखंड भारत के संदेश के साथ प्रभात फेरी निकाली। कार्यक्रम के अंत में छात्र छात्राओं ने देशभक्ति एवं एकता पर आधारित दो सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दीं, जिन्होंने उपस्थित दर्शकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में विद्यालय परिवार के सभी सदस्यों का विशेष योगदान रहा।

### कृषि संकाय के छात्रों ने किया पोल्ट्री फार्म का शैक्षणिक भ्रमण

**पुसौर।** अभिनव विद्या मंदिर के संचालक अक्षय कुमार सतपथी के निर्देश एवं शिक्षक ओम प्रकाश साहू एवं पूर्व विद्यार्थी पीयूष सिदार के मार्गदर्शन में कृषि संकाय 11वीं और 12वीं के 20 छात्र छात्राओं द्वारा पोल्ट्री फार्म कारीछापर का शैक्षणिक भ्रमण किया। जहां के संचालक भावेश पटेल के द्वारा बॉयलर पोल्ट्री फार्म के वैज्ञानिक विधियो के बारे में आवास पद्धति में तापक्रम नियंत्रण, नमी एवं वायु दाब पोल्ट्री आहार रोग एवं विटामिन की कमी से स्वास्थ्य संबंधित देखभाल की जानकारी विद्यार्थियों को दिया। शिक्षकों ने बताया कि इस प्रकार के शैक्षणिक भ्रमण विद्यार्थियों के व्यावहारिक ज्ञान अनुभव और कृषि विज्ञान के प्रति रुचि को बढ़ाते हैं।

हरिभूमि नं. 1 एजेंसी देना है
आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि की धरमजयगढ़ एवं बाकारूमा में एजेंसी देना है। इच्छुक व्यक्ति रक्षाधन (डिपॉजिट राशि) के साथ संपर्क करें।
हरिभूमि कार्यालय
एसईसीएल महाप्रबंधक कार्यालय के पास, केलो विहार रायगढ़
मो. 7000789166, 9301844932

सम्भाग का प्रथम Hightech नेत्र अस्पताल
आशीर्वाद
लेजर, फेको नेत्र चिकित्सालय
ZEPTO जेप्टो अमेरिकन (FDA) तकनीक द्वारा मोतियाबिंद का एडवांस फेको ऑपरेशन व लेंस प्रत्यारोपण
अब तक 1.50 लाख से अधिक सफल नेत्र आपरेशन पर मुख्यमंत्री द्वारा छत्तीसगढ़ गौरव सम्मान
डॉ. एल.सी. मढ़रिया MBBS,MS नेत्र रोग विशेषज्ञ एवं फेको सर्जन
डॉ. एश्वर्य मढ़रिया MBBS, MS, FVR, LVP-Hydrabad नेत्र रोग विशेषज्ञ एवं रेटिना विशेषज्ञ
● 35 वर्ष से नेत्र चिकित्सा सेवा ● डायबिटीज व रेटिना के बीमारी के अंधत्व का त्वरित ईलाज लेसर द्वारा
आई.जी.ऑफिस रोड, नेहरू चौक, बिलासपुर
फोन: 07752-402070, 228277, मो.: 9826190123, 9669979123

स्वामी जी-93406-38884
21 दिसंबर 2025 11 दिन की यात्रा
By Train-रिजर्वेशन कोच
रामेश्वरम धाम यात्रा
तिरूपति बालाजी, श्री रामेश्वरम, कन्याकुमारी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, त्रिवेन्द्रमपुरम केरला, मदुरै-माँ मिनाक्षी देवी, पद्मनादम् स्वामी, सुन्द्रेश्वर महादेव,
राशिः स्लीपर-18501/- ऑफर 17,501/-, 3AC-29,501/-ऑफर 27,501/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
91111-11866
Head Office : सिटी सेंटर मॉल ग्राउण्ड फ्लोर पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)

online Booking:-www.tripuryatra.com
स्लीपर मात्र 12,100/-
सुनहरा अवसर
स्पेशल ट्रेन से- 2 मई से 9 मई 2026
जय माता दी... चलो बुलावा आया है, माता ने बुलाया है.... सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
माता वैष्णव देवी यात्रा
माता वैष्णव देवी, हरिद्वार, मथुरा वृंदावन (श्री कृष्ण जन्मभूमि), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि)
राशिः-स्लीपर-12,100/-, 3 एसी-20,500/-, 2 एसी-25,500/ (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36 Sector - 4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411